प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा – नीट परीक्षा में अनियमितताओं के दोषी पाए जाने पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने चम्पाई सोरेन ने जमशेदपुर में 152 करोड़ 76 लाख 71 हज़ार रुपये की लागत वाली 182 योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन।
- राज्य के गढ़वा, पलामू और चतरा समेत कई जिलों में हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने किया अलर्ट जारी, राजधानी रांची में आज बारिश का जताया पूर्वानुमान।
- पूरे देश में मनाया जा रहा है आज बकरीद का त्योहार, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- 19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड बनाते हुए जीता स्वर्ण पदक।

*******************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कल कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के आयोजन में अनियमितताओं के लिए दोषी पाए जाने वाले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। श्री प्रधान ने ओडिशा के संबलपुर में कहा कि दो स्थानों पर अनियमितता बरतने की घटनाएं सामने आई हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में बहुत सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से श्मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कडी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा।

*******************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जमशेदपुर में 152 करोड़ 76 लाख 71 हज़ार रुपये की लागत वाली 182 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 3 लाख 41 हज़ार 759 लाभुकों के बीच 68 करोड 96 लाख 67 हज़ार रुपए की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी साथ ही किसानों के दो लाख रुपए तक का ऋण माफ होगा। वहीं राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने और अगले तीन महीने के अंदर लगभग 40 हज़ार युवाओं को सरकारी नौकरी मिलने का तोहफा दिया।

*******************

साहिबगंज में सरकार के हर किसान मिलेट्स किसान थीम पर मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

राज्य के कई जिलों में हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। गढ़वा,पलामू और चतरा में मौसम विभाग ने लोगों से हीट वेव से बचाव की अपील की है। वहीं राजधानी रांची और आसपास के इलाके में आज मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी है।

*******************

झारखंड समेत देश भर में आज कुर्बानी का त्योहार ईद–उल–अजहा मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने ईद–उल–अजहा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि ईद–उल–अजहा का त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है और लोगों को मानवता की निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने भी एकता और दयालुता के मानवीय मूल्यों को जीवन में उतारने की अपील की है। श्री धनखड़ ने कहा कि यह त्योहार साथ मिल–जुलकर रहने और खुशियां साझा करने की प्रेरणा देता है।

*******************

देवघर में शहादत दिवस के अवसर पर कल शहीद स्थल रोहिणी में उपविकास आयुक्त नवीन कुमार ने शहीद सलामत अली, अमानत अली और शेख हारून को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी के लिए कुर्बान हुए शहीदों की कुर्बानियों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

*******************

झारखंड राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कल कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की जल्द नियुक्ति कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके लिए मंत्रिमंडल से स्वीकृति मिल गई है। मंत्री ने कहा कि जनजातीय भाषा एकेडमी को भी जल्द मूर्त रूप देने का प्रयास किया जाएगा। 20 जून तक इसका विज्ञापन आएगा जिसके बाद सभी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं में घंटी आधारित शिक्षक आवेदन दे सकेंगे।

*******************

पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अमरापाड़ा प्रखंड में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, राजमहल विधायक अनंत ओझा, जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी की हुई हार के बाद पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में सभी 6 विधानसभा में झामुमो से पीछे रहने सहित कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाया और विधानसभा चुनाव में कड़ी मेहनत करने की बात कही।

*******************

19वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के पार्थ सिंह ने कल हुए मुकाबले में 100 मीटर दौड़ में नेशनल मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारतीय एथलेटिक्स संघ एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतियोगिता 15 से 17 जून तक बिलासपुर में आयोजित किया गया है। पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ को दस दशमलव छह आठ सेकेंड में पूरा किया। इस उपलब्धि पर भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सीडी सिंह, साई कोच बिनोद सिंह समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने विजेता पार्थ सिंह को  बधाई दी।

*******************

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग साप्ताहिक कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में आज स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए योग विषय पर चर्चा प्रसारित करेगा। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के योग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरक्षित गोस्वामी और योग थेरेपी अधिकारी डॉक्टर ईश्वर एन. आचार्य योग के विभिन्न पहलुओं तथा इसके महत्व और लाभों के बारे में जानकारी देंगे। श्रोता कार्यक्रम के दौरान टेलीफोन नंबर 011–2342 1050 और 011–2331 4444 पर प्रश्न पूछ सकते हैं। इसके अलावा वाट्सऐप नंबर 92890 94044 पर भी प्रश्न भेजे जा सकते हैं। कार्यक्रम आकाशवाणी के एफएम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर रात साढ़े नौ बजे से प्रसारित होगा। यह हमारी वेबसाइट न्यू ज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट आईएन और यू ट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी उपलब्ध रहेगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के नीट परीक्षा पर दिए गए बयान और जमशेदपुर और खरसावां में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के कार्यक्रम को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री की खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – महिलाओं को आर्थिक सहयोग 200 यूनिट बिजली फ्री ।
दैनिक हिन्दुस्तान लिखता है–झारखंड में 23 के बाद ही मॉनसून का प्रवेश।
दैनिक भास्कर ने ईद उल अजहा की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
दैनिक जागरण ने नीट को लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं।
झारखंड के पार्थ सिंह ने 100 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक , संघ ने दी बधाई इस खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने नीट पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******************